<u>दिनांक - 29.3.2023 को</u>

<u>एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u>

- एक रिपोर्ट -

क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम और आदर्श अस्पताल, बेलतला के संयुक्त तत्त्वावधान में **कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी में दिनांक 29.3.2023 को एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।**

संघ सरकार की राजभाषा नीति के प्रचार-प्रसार व कार्यान्वयन में कर्मचारी राज्य बीमा निगम निरंतर ही प्रयत्नशील रहा है और इसी सफल प्रयास की कड़ी में एक दिवसीय **हिन्दी कार्यशाला** का आयोजन किया गया । कार्यालय के अधिकारियों व कार्मिकों में हिन्दी में अपना काम-काज करने के प्रति जागरूकता व रूझान बढ़ाने और हिन्दी में काम करने के प्रति उनके झिझक को दूर करने के लिए इस कार्यालय में प्रत्येक तिमाही नियमित रूप से **हिन्दी कार्यशाला** का आयोजन किया जाता रहा है ।

कार्यशाला का विधिवत् उद्घाटन के पश्चात् सभी विशिष्ट अतिथि व्याख्याताओं व प्रतिभागियों का स्वागत श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने किया । दो सत्रों में विभाजित इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में विशिष्ट अतिथि व्याख्याता के रूप में **श्रीमती शर्मिला तायो, हिन्दी प्राध्यापिका, हिन्दी शिक्षण योजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र** ने '<u>पत्राचार के विविध रूप</u>'' विषय पर प्रतिभागियों को सारगर्भित जानकारी दी । अपने प्रश्नोत्तर सत्र में श्रीमती तायो ने प्रतिभागियों से भरपूर अभ्यास भी कराया ।

द्वितीय सत्र में अतिथि व्याख्याता के रूप में **श्री कालीचरण बासफोर, सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी, स्टेट बोर्ड ऑफ इंडिया, गुवाहाटी** ने ''<u>हिन्दी वाक्य संरचना एवं व्याकरणिक त्रुटियां</u>'' पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी ।

द्वितीय सत्र में ही विभागीय व्याख्याता के रूप में **सुश्री पापोरी चक्रवर्ती, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी** ने ''<u>संघ की राजभाषा नीति</u>'' एवं **श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी** ने '<u>हिन्दी कार्यान्वयन में विभिन्न तकनीकी टूल्स का प्रयोग</u>" को पॉवर प्वाईंट के माध्यम से विस्तार पूर्वक बतलाया ।

अंत में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ । इस कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे पूर्ण सफल बनाया। **कार्यशाला** का सफल संयोजन व संचालन **श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी** ने किया ।

■ जारी ..

हिन्दी कार्यशाला के कुछ छाया चित्र